


**मुश्किल से निकालने के लिए आगे आए**

अफगानिस्तान में जारी उथल–पुथल के कारण काबुल के हामिद करजई इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर दुनिया भर से उड़ान संचालन प्रभावित हैं। तालिबान आतंकवादी अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर कब्जा कर रहे हैं और देश के राष्ट्रपति अशरफ गनी देश छोड़कर चले गए हैं और इस बीच तालिबान ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया है। राशिद खान ट्विटर के जरिए दुनियाभर के नेताओं से अपील कर चुके हैं कि अफगानिस्तान को इस मुश्किल से निकालने के लिए आगे आएं। वह शांति चाहते हैं। मुहम्मद नबी ने भी इस तरह की अपील की है।

## अफगानिस्तान के हालातों की वजह से चिंतित हैं राशिद खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने खुलासा किया है कि लेग स्पिनर राशिद खान अफगानिस्तान के हालात से चिंतित हैं और वह अपने परिवार को देश से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा हो गया है। वहीं, ये लेग स्पिनर वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में है, जहां वह द हंड्रेड के उद्घाटन संस्करण में भाग ले रहा है। राशिद खान द हंड्रेड टूर्नामेंट में ट्रेंट रॉकेट्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ऑलराउंडर मुहम्मद नबी भी इस लीग का हिस्सा हैं। केविन पीटरसन ने स्काई स्पोर्ट्स पर बताया, घर में बहुत सारी चीजें हो रही हैं। हमने यहां सीमा पर इस बारे में बात करते हुए एक लंबी बातचीत की और वह चिंतित है। वह अपने परिवार को अफगानिस्तान से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं और उसके लिए बहुत सी चीजें हो रही हैं। उसके लिए इस तरह का प्रदर्शन करना, उस दबाव में जो वह वर्तमान में है। उसके लिए उन चीजों को भूलना आसान नहीं है।

# टोक्यो ओलंपिक में शामिल हुए खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री की मुलाकात

**मुलाकात**

### भारत की तरफ से ओलंपिक में अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा

2012 में लंदन में ओलंपिक में भारत ने 6 पदक जीते थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 अगस्त को नई दिल्ली में टोक्यो ओलंपिक खिलाड़ियों से मुलाकात की। कुछ दिन पहले संपन्न हुए टोक्यो ओलंपिक में भारतीयों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बता दें कि इस ओलंपिक में भारत ने कुल 7 मेडल जीते थे, जिसमें नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल हासिल किया। भारत की तरफ से ओलंपिक में अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इससे पहले वर्ष 2012 में लंदन में ओलंपिक में भारत ने 6 पदक जीते थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टोक्यो ओलंपिक में शामिल हुए खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके साथ नाश्ता भी किया। इस मुलाकात की बेहतरीन फोटो सामने आई हैं।



इस दौरान भाला फेंक स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा के साथ भी पीएम ने फोटो खिंचवाई। इतना ही नहीं पानीपत के रहने वाले नीरज को उनका पंसदीदा चूरमा खिलाया।

वहीं टोक्यो ओलंपिक में महिलाओं की बैडमिंटन स्पर्धा में पदक जीतने वाली पीवी सिंधु को पीएम मोदी ने आइस्क्रीम खिलाई। बता दें कि ओलंपिक इतिहास में पीवी सिंधु बैडमिंटन में दो पदक जीतने वाले देश की इकलौती खिलाड़ी हैं। ओलंपिक खिलाड़ियों के सम्मान में आज प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर एक खास कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों के साथ नाश्ता किया। इस दौरान पीएम मोदी ने टोक्यो से गोल्ड जीतकर लौटे नीरज चोपड़ा के साथ कुछ बातें भी की। साथ ही पीएम ने बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु से भी बातचीत की।

**इन खिलाड़ियों से भी बातचीत:** इनके अलावा प्रधानमंत्री ने रवि दहिया, दीपक पूनिया समेत कई खिलाड़ियों से बात की और तस्वीरें खिंचवाईं। इस तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि पीएम मोदी ने टेबल पर जाकर खिलाड़ियों से मुलाकात की।

# कोहली क्यों कर रहे हैं इतनी खराब बल्लेबाजी गावस्कर ने बताई उनकी तकनीकी कमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि विराट कोहली फिलहाल अच्छा नहीं खेल रहे हैं और इस समय उनके खेल में एक बड़ी तकनीकी गड़बड़ी आ गई है। 20 रन पर आउट होकर कोहली ने लार्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में बल्ले से निराश किया था। कोहली ने बाहर फेंकी गई एक गेंद का पीछा किया और उन्होंने सैम कुरेन को अपना विकेट गिफ्ट कर दिया।

उन्होंने कहा, विराट के लिए वो तरीका काफी कारगर रहा है और उन्होंने उसके जरिए टेस्ट क्रिकेट में 8000 टेस्ट रन बनाए हैं, लेकिन अब वो अपनी पारी में हड़बड़ी में आफ–स्टंप के बाहर



गेंद को खेल रहे हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि, इस बार उनका बल्ला कहीं और है तो वहीं उनका पैर कहीं और है। इसका ये मतलब है कि, वो वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर रहे हैं। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर ये बातें कही। उन्होंने कहा कि, टेस्ट मैच में हर बल्लेबाज रन बनाने के लिए मैदान पर उतरता है और विराट की बल्लेबाजी का तरीका यहां पर थोड़ा अलग हो गया है। विराट जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं उससे उनकी परेशानी बढ़ रही है और मुझे लगता है कि, हर बल्लेबाज को इस परिस्थिति में अकेला छोड़ देना चाहिए जिससे कि वो सही तरीका खोज सकें क्योंकि ये टेस्ट मैच है। गावस्कर ने कहा कि, वनडे और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरी तरह से स्थिति अलग होती है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में उन्हें खुद को देखने और पुराने जमाने के वी में खेलने की कोशिश करने की जरूरत है।

आपको बता दें कि विराट कोहली ने इंग्लैंड में दो टेस्ट मैचों की तीन पारियों में 0, 42 और 20 रन की पारी खेली है। इसके अलावा वो साल 2019 के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक लगाने में भी सफल नहीं रहे हैं।

## बुमराह और शमी ने किए अंग्रेजों के हौसले पस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लार्ड्स। लार्ड्स के एतिहासिक मैदान पर मेजबान इंग्लैंड व भारत के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 181 रन बनाए थे और दूसरी पारी में उसे 154 रन की लीड मिली थी। भारत ने पहली पारी में 364 रन केएल राहुल की शतकीय पारी से बनाया था जबकि इंग्लैंड ने अपने कप्तान जो रूट की नाबाद 180 रन की पारी के दम पर 391 रन बनाते हुए 27 रन की लीड ले ली थी। पांचवें दिन का खेल शुरू हो चुका है और भारतीय टीम ने दूसरी पारी में खबर लिखे जाने तक 8 विकेट खोकर 237 रन बना लिए हैं। भारत की बढ़त 200 रन के पार हो गई है। पहली पारी में टीम के लिए शतक लगाने वाले केएल राहुल को मार्क वुड ने सिर्फ 5 रन पर चलता किया। केएल राहुल का कैच जोस बटलर ने लपका। दूसरा विकेट भारत का रोहित शर्मा के रूप में गिरा जो 36 गेंदों में 21 रन बनाकर मार्क वुड की गेंद पर मोइन अली के हाथों कैच आउट हुए।

## न्यूज डायरी




### पाक विकेटकीपर ने लंबी दौड़ लगाकर फाइन लेग पर लपका सुपरमैन कैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज ने रोमांचक टेस्ट मैच में मेहमान पाकिस्तान को 1 विकेट से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में कई नाटकीय मोड़ आए। बावजूद इसके मेजबान विंडीज ने बाजी मारी। रोमांच की पराकाष्ठा पार कर चुके इस टेस्ट मैच में पाकिस्तान के विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान का सुपरमैन कैच सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पेसर हसन अली की शॉर्ट पिच डिलिवरी को विंडीज बल्लेबाज जोमेल वॉरिकन ने पुल करने की कोशिश की लेकिन बॉल बैट का बाहरी किनारा लेकर फाइन लेग की ओर पहुंच गई। फाइन लेग का फील्डर जब तक बॉल को कैच करता उससे पहले रिजवान ने खुद लंबी दौड़ लगाकर गेंद को लपक लिया। रिजवान ने बाउंड्री के नजदीक फुल लेंथ डाइव लगाकर शानदार कैच लपक वॉरिकिन की पारी का अंत किया। पाक विकेटकीपर के कैच लपकते ही साथी खिलाड़ियों ने यहां तक डगआउट से भी साथियों ने फील्ड पर आकर रिजवान को गले से लगा लिया।

### लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सम्मानित होंगे कानपुर के 75 खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। टोक्यो ओलिंपिक में पदक हासिल करने व प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में उप्र सरकार 19 अगस्त को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस भव्य आयोजन के गवाह शहर के होनहार खिलाड़ी भी बनेंगे। इसके लिए हर जिले से 75–75 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कानपुर शहर से आयोजन में महिला खिलाड़ियों को प्रमुखता देने की योजना बनाई जा चुकी है। उप्र एमेच्योर बाक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल मिश्रा ने बताया कि बाक्सिंग में लवलीना के कांस्य पदक जीतने की खुशी में शहर की बेटियों को समारोह में प्रमुख रूप से शामिल कराया जाएगा ताकि वह भी लवलीना से प्रेरित होकर खेल में निखार ला सकें। समारोह में जिले से 15 बाक्सिंग खिलाड़ियों को चयनित किया गया है, जिन्होंने कम आयु में प्रदेशस्तरीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया।

### कोहली के आउट होने के तरीके पर भड़के माइकल वॉन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने विराट कोहली के आउट होने की तरीके की आलोचना की है। लॉर्ड्स टेस्ट मैच के चौथे दिन कोहली सैम करन की गेंद पर विकेट के पीछे कैच हो गए। वॉन ने कहा है कि यह श्बच्ची बल्लेबाजीश नहीं है। वॉन ने कोहली को सलाह दी है कि उन्हें अपने ऑफ स्टंप को लेकर अधिक सजग रहने को कहा है। कोहली ने अपनी पारी की अच्छी शुरुआत की लेकिन लंच से थोड़ा पहले सैम करन की गेंद पर विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों कैच आउट हो गए। उस समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 55 रन था। माइकल वॉन ने बीबीसी के पॉडकास्ट में बातचीत में कहा कि पिछले दौरे पर कोहली को अंदाजा था कि उनका ऑफ स्टंप कहां है। इंग्लैंड के उस दौरे पर भारतीय कप्तान को काफी कामयाबी मिली थी। हालांकि इस बार कोहली का वह टच कहीं खो गया है।

### मैं भी करूंगी ओलिंपिक के लिए तैयारी, एक साथ लाएंगे मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हिसार। टोक्यो ओलिंपिक में कुश्ती में कांस्य पदक जीतने वाले झज्जर निवासी पहलवान बजरंग पूनिया से उनकी पत्नी संगीता फोगाट काफी प्रेरित हुई हैं। हालांकि वो खुद भी पहलवान हैं मगर ओलिंपिक में मेडल मिलने के बाद उन्होंने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि वे भी ओलिंपिक के लिए तैयारी करेंगी। भगवान ने चाहा तो पेरिस ओलिंपिक 2024 में मैं और बजरंग एक साथ खेलने जाएंगे और मेडल भी लेकर आएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से टोक्यो ओलिंपिक के एक महीने पहले बजरंग पूनिया को पैर में चोट लगी थी और जिसके कारण उन्हें दिक्कत झेलनी पड़ी।